हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

12 नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती: डॉ. गुप्ता



12 अनाज मंडी में किसानों को नहीं होने दी जाएगी कोई परेशानी: शमशेर मोर



**खबर संक्षेप**

### बाइक चोरी के मामले में वाहन सहित आरोपी काबू

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी भोडिया बिश्नोइयान निवासी दिलबाग को भादू कॉलोनी, आदमपुर क्षेत्र से काबू कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ एवं कार्रवाई के दौरान चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पूछताछ के दौरान पुलिस को यह ज्ञात हुआ कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दो मामले तथा मारपीट से संबंधित एक अन्य मामला पहले से दर्ज है। उक्त मोटरसाइकिल चोरी की घटना के संबंध में पहले शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

### बकरी चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने बकरी चोरी मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोरखी निवासी आजाद के रूप में हुई है। जांच अधिकारी बताया कि एक अक्टूबर को हांसी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई थी एक अक्टूबर की रात करीब पौने 1 बजे चार अज्ञात व्यक्ति एक गाड़ी में सवार होकर उसके मकान पर आए और उन्होंने आते ही उसकी बकरियों को गाड़ी में डाल लिया, लेकिन बकरियों की आवाजें सुनकर उसकी नींद खुल गई और बकरी चोरी होते देख उसने शोर मचाया तो आरोपी अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गए।

## टीम इंचार्ज ने पुलिस को दी रेहड़ी संचालक के खिलाफ शिकायत

# नगर निगम की तहबाजारी टीम को दी जान से मारने की धमकी



हिसार। रेहड़ी जब्त करके ले जाते निगम टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### अतिक्रमण हटाने को लेकर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम की तहबाजारी टीम व एक रेहड़ी संचालक के बीच अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि रेहड़ी संचालक ने तहबाजारी टीम व इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा को जान से मारने की धमकी दी। झगड़े व धमकी की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

बताया जा रहा है कि अन्य दिनों की नगर निगम की टीम ने शुक्रवार सुबह रेलवे स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटाना शुरू किया। इसके बाद टीम राजगुरू मार्केट में अतिक्रमण हटाने पहुंची। यहां पर एक रेहड़ी संचालक ने मार्केट में रेहड़ी लगा रखी थी। निगम टीम ने जब उसकी रेहड़ी जब्त करने का प्रयास किया तो रेहड़ी संचालक ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व टीम को जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि रेहड़ी संचालक स्वयं ही अपना सामान सड़क पर डालने लगा। बाद में वह रेहड़ी व अन्य सामान नगर निगम के वाहन में भी स्वयं डालने लगा। इस पर उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने रेहड़ी संचालक के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, हाथापाई करने, अभ्रद भाषा का प्रयोग, भीड़ को भड़काने का और जान से मारने की धमकी देने पर सिटी थाना में लिखित में शिकायत दी।

### स्वच्छता के नियमों के उल्लंघन पर काटे चालान



**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में एएसआई राहुल सैनी, एएसआई रोहित व एएसआई राहुल पंवार ने कुचिया बस्ती खुले में कचरा डालने पर एक दुकानदार का पांच हजार का चालान किया वहीं मित्तल नगर में एक एजेंसी के कर्म के द्वारा खुले में कचरा डालने पर संबंधित एजेंसी का पांच हजार का चालान किया। इसके अलावा एएसआई विजेता ने डीएन कॉलेज रोड पर एक दुकानदार द्वारा कचरे का सेग्रीगेशन करने पर उसका चालान किया। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया।

### निगम ने पकड़े 19 बेसहारा पशु, भेजे गो अभ्यारण्य



**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने आजाद नगर, सेक्टर-15, नवदीप कॉलोनी के आस-पास क्षेत्र से 19 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गो अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## असल मालिक की जगह नकली व्यक्ति खड़ा कर जमीन हड़पी

- इकोनॉमिक सेल ने मामले में दूसरा आरोपी किया गिरफ्तार
- अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस की इकोनॉमिक सेल असल मालिक की जगह नकली व्यक्ति खड़ा कर जमीन हड़पने, जालसाजी व धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान आदमपुर के पश्चिमी पाना निवासी सज्जन के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारी एसआई सतीश ने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि ये शिकायत उस भू संगठित माफिया के खिलाफ है जो आजीविका कमाने के लिए दूसरे प्रदेश गए, उन्हें चिन्हित कर उनके स्थानीय जमीन जायदाद को फर्जीवाड़ा से हड़प लेते हैं और प्रदेश से बाहर गए व्यक्ति डर अथवा दूरी की वजह से फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ पाकर, अपनी जमीन जायदाद की देखरेख नहीं कर पाते हैं। आरोपी ज़मीन क़ी रजिस्ट्री व अन्य कागजात पूर्ति के लिए असल मालिक क़ी जगह नकली व्यक्ति को खड़ा करते थे। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस संबंध में पहले भी एक आरोपी सीसवाल निवासी बलवान को गिरफ्तार कर चुकी है, जो इस समय न्यायिक हिरासत में है। दूसरे आरोपी को भी अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## अग्निशमन कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सरकार को दिया अल्टीमेटम

- हादसे में दो दमकल कर्मियों की झुलसने से मौत हुई थी
- मृतक कर्मियों को बलिदानी का दर्जा देने की मांग

**नारनौंद।** अपनी मांगों को लेकर अग्निशमन कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय हड़ताल जारी है। हड़ताल के समर्थन में सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक नारनौंद व रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कर्मचारियों ने अग्नि शमन कार्यालय में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। योगेंद्र मास्टर व रोहतास शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि फरीदाबाद में दो महीने पहले एक स्टील फैक्ट्री में आग लग गई थी। इसमें विभाग के दो दमकल कर्मियों की झुलसने से मौत हो गई थी। यूनियन ने सरकार व अधिकारियों से मांग की की इन कर्मचारियों को बलिदानियों का दर्जा दिया जाए तथा एक-एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए परंतु दो महीने बीत जाने के बावजूद भी सरकार की तरफ से कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन को मास्टर रामस्वरूप, रामदिया शर्मा, नसीब कुमार, मंसाराम, राजेश पेटवाड़, विकास गौतम, सत्यवीर लोहान, संदीप जांगड़ा, प्रदीप कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

## सालासर प्रकरण के विरोध में 14 को नागोरी गेट पर होगा हनुमान चालीसा का पाठ

- 21 सदस्यीय कमेटी 11 को एसपी व डीसी से मिलकर शिकायत देगी
- संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो सालासर धाम पर धरना देने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सालासर धाम में 4 दिन पहले हिसार वासी संजय व उनके परिवारजनों से मारपीट कर बदसलूकी मामले में गठित 21 सदस्यीय कमेटी की बैठक शुक्रवार को पंजाबी धर्मशाला में हुई जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि कमेटी के सदस्य 11 अप्रैल को एसपी हिसार व डीसी हिसार से मिलकर उन्हें सालासर धाम ट्रस्ट को चलाने वाले परिवार और उनके बाउंसरों के खिलाफ शिकायत देंगे।

यह जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्य राजेन्द्र चुटानी ने बताया कि हिसार निवासी संजय के परिवार की महिलाओं से जो मारपीट की गई, उसके सम्बंध में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी और हरियाणा सरकार, राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार को लिखा जाएगा कि जो लोग प्राइवेट स्तर पर दुकानदारी चला रहे हैं और गुंडागर्दी कर रहे हैं, सरकार ऐसी संस्थाओं को अपने कब्जे में ले और उसको खुद चलाए तथा उससे होने वाली आमदनी को समाज की भलाई में प्रयोग किया जाए। साथ ही कमेटी ने सर्वसम्मति से यह भी फैसला लिया कि आने वाली 14 अप्रैल मंगलवार को नागोरी गेट पर प्रातः 11 से 1:00 बजे तक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा जिसमें सालासर महाराज से यह दरख्वास्त की जाएगी कि सालासर धाम के संचालकों व मारपीट करने वालों को सद्बुद्धि दे ताकि वहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के साथ इस तरह की घटिया हरकतें भविष्य में न हो। इस कार्यक्रम के बाद जल्द ही कमेटी की पुनः बैठक बुलाई जाएगी।

### गुंडागर्दी के खिलाफ सालासर धाम में धरने की चेतावनी

कमेटी के सदस्य राजेन्द्र चुटानी ने बताया कि भविष्य में होने वाली बैठक से पूर्व यदि प्रशासन ने सख्त कदम उठाकर संतोषजनक कार्यवाही न की तो एक दिन तय करके हिसार से सैंकड़ों गाड़ियों का काफिला जिन पर गुंडागर्दी के खिलाफ पोस्टर-बैनर लगे होंगे, सालासर धाम जाकर धरना दिया जाएगा और बालाजी महाराज के दर्शन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान और आसपास के बहुत से शहरों से कमेटी के सदस्यों के पास फोन आ रहे हैं कि अगर गुंडागर्दी के खिलाफ विरोध जताने के लिये लोग सालासर धाम पहुंचते हैं तो हिसार से आने वाली सैंकड़ों गाड़ियों के काफिले को हजारों गाड़ियों में बदलने का काम करेंगे। राजेन्द्र चुटानी ने बताया कि आंदोलन की अगली रुपरेखा मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद होने वाली कमेटी की बैठक में तय किया जाएगा किंतु यह तय है कि न्याय न मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। कमेटी सदस्यों ने शहर वासियों से अपील की है कि 14 अप्रैल को प्रातः 11 से 1:00 बजे तक सद्बुद्धि देने के लिए होने वाले हनुमान चालीसा के पाठ में बढ़ चढ़ कर भाग लेकर एकता का परिचय दें।

## बुकिंग के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रही रसोई गैस

**आदमपुर।** रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर लोगों की समस्या कम नहीं हो रही है। आदमपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बुकिंग के 10 दिन बाद भी रसोई गैस नहीं मिल रही है जिससे उपभोक्ता बुरी तरह परेशान है तथा गैस एजेंसी के चक्कर काटते देखे जा सकते हैं। रसोई गैस उपभोक्ता ने बताया कि 26 मार्च 28 मार्च के बीच उन्होंने गैस बुकिंग की लेकिन 10 दिन बाद भी उन्हें गैस उपलब्ध नहीं करवाई गई है। एजेंसी कर्मचारी 15 दिन बाद गैस देने की बात कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को आरोप है कि पहुंच वाले लोगों को तुरंत गैस मिल जाती है जबकि गरीब आदमी को गैस कंपनियों द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार भी समय पर गैस नहीं मिल रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सप्लाई गाड़ी वाले 10 दिन बाद भी गैस देने की बजाय एजेंसी से पर्ची लाने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। उधर, बाजार में किल्लत के चलते 930 वाला सिलेंडर 2000 से 2500 रुपये तक में बिक रहा है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन एवं खाद्य आपूर्ति विभाग से गैस समय पर उपलब्ध कराने तथा ब्लैक मार्केटिंग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दमकल कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

- रणवीर सिंह और भवी चंद शर्मा को शहीद का दर्जा दे सरकार : सुरेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। दमकल विभाग के हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्यव्यापी हड़ताल के तीसरे दिन भी दमकल कर्मचारियों ने मेन फायर स्टेशन हिसार पर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को हड़ताल की अध्यक्षता लीडिंग फायरमैन अमरदीप व राजेश मेहला ने की तथा संचालन राजेश बागड़ी व देवेंद्र लोहान ने संयुक्त रूप से किया। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव ने कहा कि फरीदाबाद की कालका स्टील फैक्ट्री में लगी आग को बुझाते समय फायर कर्मचारी रणवीर सिंह व भवी चंद शर्मा झुलस गए थे, जिससे उनकी शहादत हो गई थी। यूनियन की मांग है कि सरकार उनको शहीद का दर्जा दे और उनके आश्रितों को मुआवजा व सरकारी नौकरी प्रदान करे। उन्होंने कहा कि यदि इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य उप प्रधान जसवीर श्योकंद कहा कि जब तक सरकार इन मांगों को पूरा नहीं करती तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी।

### ये रहे हड़ताल के दौरान मौजूद

इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान अशोक सैनी , चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान रामफल शिकारपुर, जय कुमार सिवाच, दलवीर नैन, कश्मीरी, रमेश कुमार, संदीप सैनी, देवेंद्र कुमार, सतीश कुमार, सतवीर सिंह, मेहर सिंह, भूपेंद्र राणा, कुलदीप गुर्जर, नरेश कुमार, राजपाल, बसाऊ, चांदराम, प्रदीप कुमार, सुरेश रोहिल्ला, सतवीर सिंह, सीताराम, सुशील कुमार व संजय बामल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।






# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।


लाइफ Style

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोट्‌र्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोट्‌र्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

नई दिल्ली। भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो



माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।

# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



## शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोट्‌र्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



## अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

## ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



## थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

## तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

## थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

## द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

## बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

## यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### जीजेयू में यूएमसी कमेटी की बैठक 16 को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यूएमसी कमेटी की बैठक 16 अप्रैल को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि सत्र जनवरी/फरवरी 2026 में आयोजित विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) एवं सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालयों की परीक्षा में दर्ज किए गए यूएमसी केसों की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए यूएमसी कमेटी की बैठक विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे से होगी।

### कैबिनेट मंत्री विभिन्न क्षेत्रों का आज करेंगे दौरा

**हिसार।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा 11 व 13 अप्रैल को हिसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह जानकारी देते उनके निजी सचिव ने बताया कि दौरा कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री 11 अप्रैल को 11 बजे गांव खरड़ अलीपुर पहुंचकर वहां डॉ भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण करेंगे। इसी प्रकार 13 अप्रैल को 11 बजे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा बरवाला पहुंचकर मॉडर्न मंडी के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही नगर परिषद बरवाला के विभिन्न वार्डों में सडक़ों एवं अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे।

### प्रांत समीक्षा योजना गोष्ठी आज से

**हिसार।** खरड़ अलीपुर स्थित स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम में शनिवार से संस्कृत भारती की दो दिवसीय प्रांत समीक्षा योजना गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृत भारती के हिसार विभाग संयोजक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि गोष्ठी में संगठन की वार्षिक गतिविधियों के सम्यक मूल्यांकन, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं आगामी योजनाओं के निर्धारण पर चर्चा होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय संगठन मंत्री जयप्रकाश गौतम का विशेष सान्निध्य एवं उत्तर क्षेत्र के विभिन्न दायित्व और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

### बिजनेस क्विज स्पर्धा का किया गया आयोजन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकि के फाइनेंस, अकाउंट्स एवं ऑडिटिंग विभाग में विद्यार्थियों के लिए एक बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यावसायिक ज्ञान, वित्तीय समझ एवं समसामयिक आर्थिक विषयों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश बंसल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मीरा सिवाच की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय संकाय सदस्यों तुषार जैन, डॉ. साहिल एवं डॉ. विवेक जांगिड द्वारा किया गया।

### थर्मल खेदड़ में 14 से अग्निशमन सेवा सप्ताह

**बरवाला।** सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट विकास कुमार ने कहा कि गांव खेदड़ में स्थित राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट के प्रांगण में सात दिवसीय 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्नि से बचाव के लिए जागरूकता रैली, फर्स्ट एड व ड्राइंग प्रतियोगिता समेत अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाई जाएगी। उन्होंने थर्मल खेदड़ के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा गांव खेदड़ समेत आसपास क्षेत्र के लोगों से इस अग्निशमन सेवा सप्ताह में अधिक से अधिक तादाद में पहुंचने की अपील की है ताकि लोग आगजनी की घटना होने पर अपना बचाव व सुरक्षा कर सके।

### समाजसेवी तायल के भाई सुरेश का निधन

**हिसार।** प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर की सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल के छोटे भाई सुरेश तायल का निधन हो गया है। सुरेश तायल निरंतर सामाजिक व धार्मिक कार्यों से जुड़े हुए थे और उकलाना में व्यवसाय करते थे। लगभग 65 वर्षीय सुरेश तायल के दो बेटे व एक बेटी है। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया है।

*लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए उपायुक्त ने विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश*

# समाधान शिविर के दौरान 3 हजार 942 शिकायतों का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ 1577 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गईं

आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान अब तक जिला हिसार में कुल 6 हजार 26 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3 हजार 942 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1577 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई, जबकि 242 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। 259 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुनःखोली गई है जबकि 6 शिकायतें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन है। शुक्रवार को हरियाणा सहकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित वीसी के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी दी। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर सरकार की पैनी नजर है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को औपचारिकता नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझते हुए निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए तथा हर मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो।


हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

**अतिरिक्त उपायुक्त ने शिकायतों की समीक्षा बैठक ली**

वीसी से पहले अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने सभी विभागाध्यक्षों की समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम हरिराम, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार, डीआईओ दीपक भारद्वाज, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

*जिला सचिवालय परिसर में समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक*

# लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें अधिकारी : एडीसी खोथ

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में जिला सचिवालय परिसर में समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त राहुल नरवाल चंडीगढ़ मुख्यालय से वीसी के माध्यम से जुड़े और हांसी के समाधान शिविरों की कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने उच्च अधिकारियों को भी वीसी के माध्यम से बताया कि समाधान शिविर में आई समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में आने वाली सभी शिकायतों पर अविलंब कार्यवाही कर एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान एडीसी लक्षित सरीन ने एक-एक कर सभी विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की गहनता से समीक्षा की और सभी जन समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित आधार पर निवारण करने के निर्देश दिए।



### अधिकारियों की गाड़ियों के लिए बनेंगे शेड

एसडीएम राजेश खोथ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से अधिकारियों की गाड़ियां खड़े करने के लिए बनाए जाने वाले शेड बनवाने के स्टेटस के बारे मेंव जानकारी रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा अधिकारियों की गाड़ियां को खड़ा करने के लिए जिला सचिवालय परिसर में शेड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है।

13वीं इंटर पावर यूटीलिटी खेलकूद स्पर्धा के दूसरे दिन हुए विभिन्न मुकाबले

# महिला वर्ग के रस्साकशी मुकाबले में दक्षिण ने उत्तरी बिजली निगम को हराया



हिसार। 13वीं इंटर पावर यूटीलिटी खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान रस्साकशी मुकाबले में जोर आजमाइश करती महिला खिलाड़ी व बास्केटबॉल खेलते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्युत नगर स्थित खेल प्रांगण में हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप की मेजबानी में हो रही 13वीं इंटर पावर यूटीलिटी खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं के मुकाबले हुए। स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को विद्युत नगर खेल प्रागंण में होगा। समापन समारोह में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता ( मानव संसाधन एवं प्रशासन) रजनीश गर्ग बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के जनरल सेक्रेटरी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि एथलेक्टिस में पुरुषों की लंबी कूद में हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (एच.पी.जी.सी.एल.) के मंजीत प्रथम और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (उ.ह.बि.वि.नि.लि.) के अंकित द्वितीय स्थान पर रहे। पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में द.ह.बि.वि.नि.लि. के बिजेन्द्र सिंह प्रथम और उ.ह.बि.वि.नि.लि. के रूकेश कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार एथलेक्टिस की डिस्कस थ्रो प्रतिस्पर्धा में द.ह.बि.वि.नि.लि. के योगेश प्रथम और उ.ह.बि.वि.नि.लि. के प्रवीण द्वितीय स्थान पर रहे। महिलाओं के रस्साकशी के रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें द.ह.बि.वि.नि.लि. प्रथम और उ.ह.बि.वि.नि.लि. द्वितीय स्थान पर रही।

### 100 मीटर दौड़ में उत्तरी बिजली निगम के सौरभ रहे प्रथम

एथलेटिक्स की हुई पुरुषों की 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में उ.ह.बि.वि.नि.लि. के सौरभ प्रथम और एच.पी.जी.सी.एल. के प्रदीप द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड स्पर्धा में एच.वी.पी.एन.एल. के संदीप घामा प्रथम और उ.ह.बि.वि.नि.लि. के सोनू द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में एच.वी.पी.एन. एल. के सुमित प्रथम और उ.ह.बि.वि.नि.लि. के रविन्द्र कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ स्पर्धा में उ.ह.बि.वि.नि.लि. के भोला राम प्रथम और एच.पी.जी.सी.एल. के संदीप द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर स्पर्धा में एच.वी.पी.एन.एल. के दीपक प्रथम और एच.पी.जी.सी.एल. के प्रदीप द्वितीय स्थान पर रहे।



**लंबी कूद में वर्षा ने मारी बाजी**

एथलेक्टिस में महिलाओं की लंबी कूद में द.ह.बि.वि.नि.लि. की वर्षा प्रथम और उ.ह.बि.वि.नि.लि. की युक्ता द्वितीय स्थान पर रही। महिलाओं के हुए शॉटपुट मुकाबलों में एच.वी.पी.एन.एल की सलोचना प्रथम और द.ह.बि.वि.नि.लि. की श्वेता द्वितीय स्थान पर रही। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में उ.ह.बि.वि.नि.लि. की शीतल प्रथम और एच.पी.जी.सी.एल. की वर्षा द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड स्पर्धा में द.ह.बि.वि.नि.लि. की रीतू प्रथम और एच.वी.पी.एन.एल. की उषा द्वितीय स्थान पर रही।


हिसार। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ।

### एमएससी जूलॉजी के विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि

**हिसार।** सीआरएम जाट कॉलेज के एमएससी जूलॉजी के विद्यार्थियों ने तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में शानदार उपलब्धि हासिल की है। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से नवंबर-दिसंबर 2025 में आयोजित परीक्षा में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। जीव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश कुमार ने बताया कि सोनिका ने 89.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान, तन्वी ने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, उमंग शर्मा ने 621/675 86.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, आरजू ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, कनिष्का ने 82.5 प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवा स्थान तथा वंदना ने 81.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया।


आदमपुर। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

### साहिल ने एथलेटिक मीट में जीता गोल्ड

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर में इंटरपोलिटेक्निक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तथा खेल प्रभारी विजयपाल ने विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में मैकेनिकल विभाग के छात्र साहिल ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। इसके साथ ही साहिल ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। गजेंद्र ने 800 मीटर दौड़ व हर्ष ने 110 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त इंटरपोलिटेक्निक हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों की सराहना की।

# किसानों को परेशान न करे सरकार सुविधाएं मुहैया करवाए : चंद्रप्रकाश

■ विधायक चंद्रप्रकाश ने गेहूं व सरसों की खरीद व उठान के बारे में किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर


आदमपुर। अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की आवक का जायजा लेते विधायक।

कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर हलकावासियों की समस्याएं सुनी और आदमपुर की अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मंडी में गेहूं व सरसों की आवक व उठान प्रक्रिया का जायजा भी लिया। उन्होंने किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और कहा कि सरकार को गेहूं व सरसों खरीद के समुचित प्रबंध करने के साथ ही किसानों के लिए पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवानी चाहिए। कहा कि सरकार का किसानों को राहत देने का प्रयास होना चाहिए, इसकी अपेक्षा सख्त नियम बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि किसानों के लिए ट्रैक्टर की नंबर प्लेट की फोटो सहित बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवाने की बात तर्कसंगत नहीं है। बदलते मौसम के बीच किसान जल्द से जल्द फसल की कटाई करके अनाज को मंडी में पहुंचाने की कवायद करता है।

## न्यूज डायरी

### मांगों का जल्द समाधान करे सरकार : कृष्ण नैन

**बरवाला।** राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के बैनर तले थर्मल खेदड़ यूनिट और हिसार जिले के यूनियन के पदाधिकारीयो और कर्मचारियों द्वारा सरकार व मैनेजमेंट पर मनमानी का आरोप लगाते हुए लगातार 16 वे दिन एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता राज्य प्रेस प्रवक्ता कृष्ण नैन की और संचालन केंद्रीय परिषद के सदस्य एवं सर्कल सचिव खेदड़ यूनिट दलजीत पंघाल ने किया। केंद्रीय परिषद प्रेस प्रवक्ता कृष्ण नैन ने कहा कि प्रबंध निदेशक हरियाणा बिजली उत्पादन निगम कर्मचारियों की जायज मांगे नहीं मान रहे थे। यूनियन ने लगातार विरोध किया और केंद्रीय परिषद के आह्वान पर थर्मल कर्मचारी गत 16 दिनों से आंदोलनरत है।

### लुवास के विद्यार्थियों का साहसिक शिविर रवाना

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के विद्यार्थियों ने साहसिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए दो स्थलों के लिए प्रस्थान किया। विश्वविद्यालय के कुल 77 विद्यार्थियों के दल (50 विद्यार्थी हटकोटी, शिमला तथा 27 विद्यार्थी थापली, पंचकूला) ने साहसिक शिविरों में भाग लेने के लिए हर्षोल्लास के साथ रवाना होकर एक प्रेरणादायक वातावरण प्रस्तुत किया। हिमाचल प्रदेश के रमणीय स्थल हटकोटी (शिमला) के लिए 50 विद्यार्थियों (20 छात्राओं एवं 30 छात्रों) का दल तथा पंचकूला स्थित थापली के लिए प्रथम वर्ष के 27 विद्यार्थियों (12 छात्र एवं 15 छात्राओं) का दल प्रस्थान किया। इन शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा साहसिक गतिविधियों के माध्यम से आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना है।

### एड्स के प्रति जागरूक रहने के लिए किया प्रेरित

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. अर्चना मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. शर्मिला गुणपाल, डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. नीरू बाला, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. छवि मंगला, मिस शालू तथा नॉन-टीचिंग स्टाफ से अनिल शर्मा और जगमिंदर उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में हुआ 21 उम्मीदवारों का चयन

**हांसी।** राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न ट्रेड के छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और योग्य छात्रों का चयन किया। साक्षात्कार के उपरांत दोनों कंपनियों द्वारा कुल 21 उम्मीदवारों को नौकरी के लिए चयनित किया गया। चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह ने कहा कि गवर्नमेंट आईटीआई हांसी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सीधे उद्योगों से जोड़ना और उन्हें उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करना है। इस जॉब मेले में आईटीआई के विभिन्न ट्रेड फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, मशीनिस्ट आदि के पासआउट छात्रों के साथ-साथ 10वीं और 12वीं पास युवाओं ने भी भाग लिया।

### फसलों के मुआवजे के लिए पोर्टल 15 तक खुला

**हिसार।** राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। यह पोर्टल मार्च/अप्रैल 2025-2026 में हुई ओलावृष्टि एवं भारी वर्षा से हुए रबी फसलों में नुकसान के दावों को अपलोड करने के लिए शुरू किया गया है। नगराधीश हरिराम ने बताया की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार गांव तेलनवाली, वीरपुर (कुतिया खेड़ी), घुड़साल, डोभी, चौधरीवाली, खारिया, सलेमगढ़, किरतान, सुंडावास, काबरेल तथा बगला के किसानों के लिए यह पोर्टल 15 अप्रैल तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदा के कारण नुकसान हुआ है, वे समय रहते अपनी क्षति का विवरण ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाएं, ताकि उन्हें निर्धारित मुआवजा मिल सके।

### शिविर में जांचा पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य

**हांसी।** पुलिस विभाग द्वारा जवानों व अधिकारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच के लिए फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य की नियमित जांच करना, संभावित बीमारियों की समय रहते पहचान करना तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराना रहा। फार्मेसी ऑफिसर अमरजीत सिंह ने बताया कि विभिन्न अस्पतालों से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमों द्वारा पुलिस कर्मियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, आंखों की जांच, दंत परीक्षण सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा प्रत्येक कर्मी को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

### अग्रोहा महाराजा अग्रसेन की कर्मस्थली : गर्ग

**हिसार।** अग्रोहा धाम में लखनऊ से द्वारा ट्रेन में अग्रवाल सभा के परिवार की सीधी ट्रेन हिसार आने पर यात्रियों का अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने स्वागत किया। यूपी अग्रवाल समाज की प्रदेश इकाई व अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग के उपरांत भजन समारोह व छप्पन भोग का कार्यक्रम हुआ। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन धार्मिक, शांति दूत, पशु बलि प्रथा बंद करने वाले करूणा निधि दयालू राजा थे। बजरंग गर्ग ने मेहमानों को पट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर में 16 तक चलेगी, 17 को भंडारा

# कलश शोभा यात्रा के साथ 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

*शिव मंदिर में त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज करेंगे श्रीमद भागवत कथा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। कलश शोभा यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा की शुरुआत के लिए धूमधाम से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मातृशक्ति ने पीले व लाल वस्त्र धारण करके एवं आम के पत्तों व नारियल से सुसज्जित कलश सिर पर धारण करके सेक्टर 9-11 के विभिन्न क्षेत्रों में कलश शोभा यात्रा निकाली। कलश यात्रा का मार्गदर्शन वृंदावन से पधारे श्री श्री 1008 श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने किया। सेक्टर 9-11 में स्थित शिव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत कलश शोभा यात्रा शुरू हुई और विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए वापस कथा स्थल शिव मंदिर पर पहुंची। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीकृष्ण और बिहारी लाल की जय के उदघोष से गूंज उठा। इस दौरान कथा आयोजन के व्यवस्थापक सुरेश कुमार गोयल, विक्रम जिंदल, संजीव मित्तल, उदार शंकर, सुशांत भारद्वाज, रमेश गोयल, निरंजन गर्ग, राजेश गर्ग, रजनीश त्रिवेदी, रमेश मित्तल, डॉ. दिनेश भारद्वाज व आचार्य शिवनारायण विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर से जुड़े पदाधिकारी व श्रद्धालुगण भी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### 17 अप्रैल को हवन, पूर्णाहुति

सुरेश कुमार गोयल ने बताया कि वृंदावन के अखिल भारतीय गोदा हरिदेव सेवा संस्थान के तत्वावधान में 16 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज श्रीमद भागवत कथा का अमृतपान करवाएंगे। 17 अप्रैल को हवन, पूर्णाहुति व भंडारे के साथ कथा संपन्न की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट में एक आरोपी काबू

**हिसार।** वाछिंत व भगोड़ों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आजाद नगर पुलिस ने छेड़छाड़ व पोक्सो एक्ट के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पीएसआई सोनिया ने बताया कि इस संबंध में 8 अप्रैल को पीड़िता की मां की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पानीपत के शिवम उर्फ भोला के रुप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पुलिस ने चलाया अभियान, पांच के चालान काटे

**हिसार।** जिलेभर में ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस थाना हिसार द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। इस दौरान विशेष रूप से ब्लैक फिल्म (काली फिल्म) लगे वाहनों के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग पांच वाहनों के चालान किए गए। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक भी किया तथा भविष्य में ऐसी उल्लंघन की पुनरावृत्ति न करने की हिदायत दी गई।

### ठगी मामले में एक आरोपी काबू, पांच हजार बरामद

**हांसी।** पुलिस ने ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के पाली व हाल हनुमानगढ़ निवासी सुनील पाली के रूप में हुई है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपी के पास से ठगी गई राशि में से 5 हजार रुपये भी बरामद किए है। एएसआई सज्जन कुमार के अनुसार यह कार्रवाई ठगी के मामले में सोनू द्वारा दी गई शिकायत पर गई है।

गुजवि में 'मिशन होश-नशा मुक्ति एवं रोकथाम अभियान' चलाया

# नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती: डॉ. गुप्ता

**कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को दिया नशामुक्त जीवन का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं आईएमए महिला चिकित्सा विंग के संयुक्त तत्वावधान में सीआरएस ऑडिटोरियम में 'मिशन होश-नशा मुक्ति एवं रोकथाम अभियान' विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता कार्यक्रम में मुख्यातिथि रहे जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। डॉ. अजय महाजन विशिष्ट अतिथि जबकि डॉ. बीर सिंह कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार सहित चिकित्सक प्रकोष्ठ की सम्मानित चिकित्सक डॉ. अनीशा महाजन, डॉ. मीनाक्षी बंसल, डॉ. संगीता गिरधर, डॉ. अर्चना सोनी, शिक्षाविद्, चिकित्सक, अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम में प्ले प्रस्तुति के प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता एवं कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

#### मनुष्य का जीवन अमूल्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यदि युवाओं को सही समय पर जागरूक किया जाए और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान की जाए तो वे न केवल स्वयं को नशे से दूर रख सकते हैं बल्कि समाज में भी नशामुक्ति का संदेश फैला सकते हैं। मनुष्य का जीवन अमूल्य है, इसे नशे के माध्यम से बर्बाद नहीं करना चाहिए। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. सरीना हसीजा, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. तरुणा, डॉ. सुनीता रानी, डॉ. विनीता, डॉ. रामस्वरूप, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. सुमित शर्मा, डॉ. खुशबू सेठी, डॉ. समृद्धि, डॉ. ज्योति, डॉ. विकास जांगड़ा सहित स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### नशा करता है समाज की संरचना को कमजोर

विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय महाजन ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित करने के साथ ही यह परिवार और समाज की संरचना को भी कमजोर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए आत्मसंयम और जागरूकता को नशामुक्त जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। मुख्य वक्ता डॉ. बीर सिंह ने नशे के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

#### हिंदी भाषण में नवीन रहा प्रथम

कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन पूर्व आयोजित रचनात्मकता एवं बौद्धिक कौशल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में हिंदी भाषण (वाद-विवाद) प्रतियोगिता में नवीन कुमार, अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में मनस्वी आर्या, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में पलक एवं आरती, रंगोली प्रतियोगिता में नैन्सी एवं स्नेहलता, तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अपूर्वा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान इन सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

#### महिला चिकित्सकों को किया सम्मानित

इस अवसर पर समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हिसार की महिला चिकित्सकों डॉ. सत्या सावंत, डॉ. रंजू पोपली, डॉ. रितु चौपड़ा, डॉ. सरिता कालड़ा और डॉ. मनीषा मेहता को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।

# अनाज मंडी में किसानों को नहीं होने दी जाएगी कोई परेशानी: शमशेर मोर

- किसानों, आढ़तियों, खरीद एजेंसियों तथा मार्केट कमेटी के अधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


नारनौंद। बास अनाज मंडी कार्यालय में बैठक करते हुए मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर व अन्य। फोटो :हरिभूमि

बास मार्केट कमेटी कार्यालय में किसानों, आढ़तियों, खरीद एजेंसियों तथा मार्केट कमेटी के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ताकि किसानों को अनाज मंडी में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। अनाज मंडी में खरीद शुरू हो चुकी हैं। बास मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर ने बताया कि बैठक के दौरान फसल खरीद, मंडी में स्थान की उपलब्धता तथा बारदाने से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। हमारा प्रयास है कि अन्नदाता को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन एवं संबंधित सभी एजेंसियां किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। किसान हित हमारे लिए सर्वोपरि है।

### गुरुद्वारा सेवा समिति खालसा का मनाएगी 327वां सृजना दिवस 19 को

**हिसार।** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति की ओर से बैसाखी के पावन पर्व पर खालसा का 327वां सृजना दिवस को समर्पित हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महान गुरुमत समागम 19 अप्रैल को बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थानीय पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित गुरुद्वारा साहिब में मनाया जाएगा। कमेटी के प्रधान सूबेदार हरमिंद्र सिंह व महासचिव भूपेंद्र पाहवा ने बताया कि महान गुरुमत समागम को लेकर 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे, गुरु घर से जुड़ी साध संगतों के बीच गुरुद्वारा साहिब में श्री अखण्ड पाठ साहिब के प्रारंभ होगा। इसी कड़ी में 19 अप्रेल रविवार को प्रातः 10 बजे विधिवत रूप से श्री अखण्ड पाठ साहिब का भोग होगा व गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रन्थि द्वारा सरबत की भलाई के लिए अरदास करवाई जाएगी। प्रातः 11 बजे गुरुघर से जुड़ी बीबीयों द्वारा शब्द कीर्तन से उपस्थित संगतों को मंत्रमुग्ध किया जाएगा। सुबह 11:30 बजे से 1:30 बजे तक रागी जत्था भाई इंद्रजीत सिंह सिरसा वाले द्वारा रूहानी कीर्तन व सुंदर शब्दों से संगतों को निहाल किया जाएगा।

युवाओं की भागीदारी से गूंजेगा नारी शक्ति का स्वर

### एचएयू में मॉय भारत बजट क्वेस्ट-2026 का ग्रैंड फिनाले 12 को



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करती उपनिदेशक सुरमयी शर्मा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

युवा सशक्तिकरण और भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मॉय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 12 व 13 अप्रैल को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में किया जाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के तहत स्वायत्त निकाय मॉय भारत की उपनिदेशक सुरमयी शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 12 अप्रैल की सायं को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश के साथ संडे ऑन साइकिल पहल के तहत एक साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही इसी दिन महिला प्रतिभागियों के लिए विशेष महिला युवा संसद का भी आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 13 अप्रैल को हरियाणा जोन से चयनित 528 प्रतिभागी राष्ट्रीय और राज्य स्तर के शीर्ष प्रतिभागियों के साथ संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि यह संवाद युवाओं को अपनी आकांक्षाएं और सुझाव सीधे नीति-निर्माताओं तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपनिदेशक रेनू, जिला युवा अधिकारी कोमल, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव आदि उपस्थित रहे।

# यातायात उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिला स्तरीय अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध की स्थिति की समीक्षा करना, पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाना तथा आमजन को बेहतर व त्वरित सेवाएं प्रदान करना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि थानों में लंबित मुकदमों, पार्ट-ए एवं पार्ट-बी मामलों तथा लंबित दरखास्तों का शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने घोषित अपराधी एवं बेल जंपर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के भी सख्त निर्देश दिए।


हांसी। अपराध समीक्षा गोष्ठी को संबोधित करते एसपी विनोद कुमार।

#### नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश

एसपी ने कहा कि जिले में नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए घातक है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### पुलिस वेलफेयर व साफ-सफाई पर भी जोर

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के वेलफेयर को प्राथमिकता देते हुए थानों एवं चौकियों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस अपराध गोष्ठी में डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी रविंद्र सांगवान एवं डीएसपी नारनौंद देवेंद्र नैन सहित सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, पुलिस कार्यालय के शाखा प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 97.65 लाख की ठगी में दो आरोपी और गिरफ्तार

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी में संलिप्त दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान निवासी बनसोन व तुहिनान्सु के रूप में हुई है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र पाल ने बताया कि हांसी निवासी व्यक्ति ने अप्रैल 2025 में शिकायत दी थी कि उसके साथ पिछले लगभग 6 महीनों से व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ऑनलाइन ठगी की जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी फेसबुक आईडी पर फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त हुई, जिसके बाद फेसबुक मैसेंजर व फिर व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई तो आरोपी ने खुद को शेयर मार्केट में निवेश से अच्छा मुनाफा कमाने वाला बताते हुए शिकायतकर्ता को भी निवेश करने के लिए प्रेरित किया और बार-बार लालच देने पर उसने कई किश्तों में अपने बैंक खातों से 97 लाख 65 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद बाद में उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच करते हुए गिरोह से जुड़े 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों से महत्वपूर्ण बरामदगी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

#### जल और सीवरेज बकाया पर राहत

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के माध्यम से जल एवं सीवरेज उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की गई है। सरकार ने बकाया बिलों पर लगने वाले सरचार्ज में विशेष छूट देने का निर्णय लिया है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि नए संशोधन के अनुसार यदि उपभोक्ता निर्धारित समय के भीतर अपने जल व सीवरेज बिलों का भुगतान नहीं करते हैं, तो चालू बिलों पर केवल एक बार के लिए 10 प्रतिशत की दर से सरचार्ज लगाया जाएगा। यह सरचार्ज बार-बार नहीं जोड़ा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

### सेक्टर 14 के कई रास्ते बंद, जनता परेशान



**हिसार।** शहर के सेक्टर 14 पार्ट 2 में श्मशान घाट के पिछली तरफ चल रहे निर्माण कार्यों से आम लोगों को भरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जो भी व्यक्ति यहां अपना मकान बनाने या अन्य तरह का निर्माण करता है, इसके उपयोग में होने वाले मैटेरियल को सड़क पर ही खाली करवा देते हैं जिस से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया हैं। यहां पर पिछले एक सप्ताह रोड बंद है और यह के निवासियों को भारी असुविधा हो रही है। स्कूल जाने वाली बसें घर तक नहीं पहुंच रही है, जिस कारण बच्चे व उनके अभिभावक परेशान है। यही नहीं, रात के समय कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिससे लोगों में भरी रोष है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

खांडाखेड़ी गांव में ईंट भट्ठे पर काम करता है परिवार

### गाड़ी के नीचे आने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के गांव खांडा में आरओ पानी के कैंपर सप्लाई करने वाली गाड़ी के नीचे आने से लगभग डेढ़ साल की बच्ची मौत हो गई। बच्ची ईंट भट्टे पर खेल रही थी कि अचानक गाड़ी के नीचे आ गई। बच्ची की मां सरिता देवी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के पौवायां क्षेत्र की रहने वाली हैं। कुछ महीने पहले ही वह परिवार सहित गांव खांडा के पास स्थित एक ईंट भट्टे पर काम करने आई थीं। शुक्रवार सुबह उसकी 17 माह की बेटी कवित्रा भट्टे पर खेल रही थी। इसी दौरान वहां पानी के कैंपर की गाड़ी आई। जैसे ही गाड़ी चालक ने वाहन आगे बढ़ाया, बच्ची खेलते-खेलते गाड़ी के नीचे आ गई। गाड़ी के टायरों के नीचे आने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर इकट्ठा हुए। परिजन तुरंत बच्ची को नारनौंद के सामान्य अस्पताल ले गए, जहां से उसे हांसी के सामान्य अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मां सरिता ने बताया कि कवित्रा के पिता का निधन करीब 17 महीने पहले ही हो चुका था। इस हादसे के बाद सरिता देवी के पास अब केवल एक बड़ी बेटी ही बची है। जांच अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

